समस्या — स्कूली विद्यार्थियों हाथों में थामा फावड़ा कीचड़ पर डाली गई मुरम और मिट्टी

# कीचड़ दलदल वाली सड़क बनी मुसीबत, मरीज को अस्पताल ले जाते फंसा ऑटो

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 25 जुलाई, जनपद मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत हनोतिया के ग्राम कच्ची खानी में बारिश के इन दिनों में ग्रामीणों के लिए सड़क मुसीबत बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों का दावा है कि हर साल यहां पर बारिश के समय भारी दिक्कतों का सामना इस रोड से करना पड़ता है लेकिन आज तक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक तौर से ध्यान न देने का आरोप लगाया गया है।**





ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय मरीज को अस्पताल ले जाते समय ऑटो इसी रोड पर कीचड़ दलदल होने की वजह से फस गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ऑटो को धक्का मार कर रोड तक पहुंचाया गया तब तक मरीए ऑटो में तड़पता रहा। विकास के दावों की खोखली तस्वीर सामने आई है जहां लगभग 2 किलोमीटर तक सड़क के लिए ग्रामीणों को हर साल बारिश के दौरान आवागमन के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

### स्कूली छात्राओं ने दिखाया जिम्मेदारों को आईना

जानकारी के मुताबिक रोज आने-जाने में और ऑटो फंसने के कारण स्कूली छात्राओं ने फावड़ा गेती लेकर रोड के पास मिट्टी और मुरम की खुदाई करके रोड पर डाला, जिससे आवागमन में परेशानी कम हो सके, जिम्मेदारों को आइना दिखाती तस्वीर जगाने के लिए कम नहीं है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस ओर ध्यान देकर निराकरण करने की मांग की है, जिससे कि होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।

# खदानों से निकल रहे ओवरलोड ट्रक, प्रबंधन की मिलीभगत के आरोप

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 25 जुलाई, पेंच क्षेत्र की खदानों से नियमों की अनदेखी करते हुए ओवरलोड कोयला परिवहन किए जाने के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि कुछ अधिकारियों के संरक्षण में तौल केंद्र पर तौल पर्चियों में कथित हेरफेर कर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) को प्रतिदिन लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया जा रहा है।**

जानकारी के अनुसार, पेंच क्षेत्र की उरधन खदान से रोड सेल के



लिए भेजे जाने वाले कोयले की तौल में बड़े स्तर पर गड़बड़ी होने की चर्चा है। आरोप है कि ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अधिक कोयला लोड किया जा रहा है। जिसके चलते सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों का भी उल्लंघन हो रहा है।

स्थानीय स्तर पर इस कथित अनियमितता की जानकारी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने की बात कही जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह गंभीर वित्तीय अनियमितता के साथ-साथ प्रशासनिक जवाबदेही का भी मामला हो सकता है। मामले को लेकर जब वेकोलि के जिम्मेदार अधिकारियों से प्रबंधन का पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो आधिकारी कुछ भी कहने से कतराते रहे।

## वन विभाग एवं शासकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण सह स्वच्छता अभियान सम्पन्न




**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 25 जुलाई, वन परिक्षेत्र तमिया, छिंदवाड़ा वनमंडल एवं शासकीय महाविद्यालय तमिया के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शासकीय महाविद्यालय तमिया परिसर में वृक्षारोपण सह स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूदयाल साहू, परिक्षेत्र अधिकारी तमिया एवं अजय नावरे, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय तमिया द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं एवं वन विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर गुरूदयाल साहू, परिक्षेत्र अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वनों से ही जीवन है।

# श्री महिला कल्याण समिति में आंगनबाड़ी परिसर में किया पौधारोपण

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 25 जुलाई, शनिवार 25 जुलाई को श्री महिला कल्याण समिती जुन्नारदेव, द्वारा वार्ड नम्बर 4 में आंगनवाड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यक्रम केदौरान समिति अध्यक्ष माधुरी बत्रा, वार्ड पार्षद सीमा चौरसिया, उपाध्यक्ष रश्मि बेलसरे, सहसचिव गजेंद्र बाथरी, सक्रिय सदस्य रानू सेठ उपस्थिति रही निरीक्षण उपरांत सभी टीम के सदस्य एंव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू बारसिया द्वारा पौधारोपण किया गया।**



आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू द्वारा पहले से 21 पेड़ लगाए गए है जिसमे रूद्राक्ष, आंवला, पारिजात, आम, नींबू, आदि उपयोगी वृक्ष लगे हुए है। आंगनवाड़ी में बाउंड्रीवाल होने के कारण वृक्ष वाटिका सुरक्षित है और सबका मन मोह रही है। पार्षद सीमा चौरसिया ने बताया कि इस आंगनवाड़ी को रोल मॉडल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर गजेंद्र बाथरी ने पीपल, और बरगद के पेड़ जो कि आक्सीजन अधिक देते है ज्यादा लगाने की अपील की।अध्यक्ष ने बच्चो की माताओं को समझाइश दी कि बच्चो को बारिश मे होने वाली बिमारी से बचा कर रखे। उपाध्यक्ष ने पक्षियों द्वारा बनाए गए सुंदर घोसलो की तारीफकी। श्री महिला कल्याण समिति द्वारा अंत में आंगनवाड़ी के सभी बच्चो को चाकलेट और बिस्किट के पैकेट का वितरण किया जिससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखीं।

## आस्था का उमड़ा सैलाब, विट्ठल-विट्ठल से गूंजी धर्मनगरी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 25 जुलाई, संत गजानन गुणगान मंडल, सच्चिदानंद सेवा समिति, समग्र मराठी समाज एवं जय जय रघुवीर समर्थ मंडल द्वारा आयोजित दिंडी यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ा।**

दिंडी यात्रा के संयोजक आनंद बक्षी ने बताया कि श्री शिरडी साई मंदिर से पारंपरिक दिंडियाँ, महिला मंडल, भजन मंडल तथा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में दिंडी यात्रा का शुभारंभ हुआ। महामंडलेश्वर दादू महाराज,



महामंडलेश्वर नागेंद्र ब्रह्मचारी, हरिभक्त परायण चिंतामण गुरवे, ह.भ.प. नारायण शिंदे, कार्यक्रम अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे एवं अजय चोरे के सानिध्य में नृत्य करती हुई दिंडियाँ विठ्ठल-विठ्ठल के जयघोष से गूंज उठीं। धर्मप्रेमी भक्तों ने जगह-जगह स्वागत द्वार, रंगोली, आरती एवं आतिशबाजी के माध्यम से दिंडियों का पूजन-अर्चन किया।

# गांगई पंचायत को मिला पेयजल टैंकर

## विधायक राजा कमलेश शाह ने पूरी की ग्रामीणों की मांग

**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा, 25 जुलाई, क्षेत्रीय विकास की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने ग्राम पंचायत गांगई को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए अपनी विधायक निधि से एक नया पेयजल टैंकर स्वीकृत कर प्रदाय किया है।**




### हर्रई राजमहल में सौंपा गया टैंकर

हर्रई राजमहल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत गांगई के पूर्व जनपद सदस्य संघनलाल मर्सकोले सरपंच बलमान ऊईके सचिव चरण लाल धुर्वे चुरीसजवा सरपंच जलमान ऊईके सुरेश ऊईके धनवान पुस्साम महामंत्री अनक लाल इनवाती रामसा ऊईके चमासी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने टैंकर प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए गए गाँव चलो घर चलो अभियान के दौरान ग्राम पंचायत भेडा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति और धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में पानी की उपलब्धता के लिए विधायक से टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की थी, जिसे विधायक ने प्राथमिकता से पूरा किया।

## तामिया मोक्षधाम में हुआ 500 पौधों का मिश्रित वृक्षारोपण



**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 25 जुलाई, शनिवार को विस्तार वानिकी योजना के अंतर्गत तामिया स्थित मोक्षधाम (क्षेत्रफल- 1 हेक्टेयर) में भव्य मिश्रित वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के 500 पौधे रोपे गए।**

कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए माननीय न्यायाधीश महोदया कृतिका डेहरिया, उपवनमंडल अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर, नायब तहसीलदार (तामिया) अभिषेक रामटेक, एवं तामिया थाना प्रभारी (टी.आई.) आशीष जैतवार ने मुख्य अतिथियों के रूप में शिरकत की तथा स्वयं पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# भेडा पंचायत को मिला पेयजल टैंकर

## विधायक राजा कमलेश शाह ने पूरी की ग्रामीणों की मांग

**नवभारत न्यूज**
**हर्रई, 25 जुलाई, क्षेत्रीय विकास की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने ग्राम पंचायत भेडा को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए अपनी विधायक निधि से एक नया पेयजल टैंकर स्वीकृत कर प्रदाय किया है।**




### हर्रई राजमहल में सौंपा गया टैंकर

हर्रई राजमहल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भेडा के सरपंच राजाराम इनवाती सचिव राहुल घोशी, राधे यादव, अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने टैंकर प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए गए गाँव चलो घर चलो अभियान के दौरान ग्राम पंचायत भेडा में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति और धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में पानी की उपलब्धता के लिए विधायक से टैंकर उपलब्ध कराने की मांग की थी, जिसे विधायक ने प्राथमिकता से पूरा किया।

## श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया स्वामी भास्करानंद तीर्थ महाराज का प्रकाशोत्सव

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 25 जुलाई, स्वामी शिवोम् तीर्थ कुंडलिनी महायोग आश्रम, दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, साउथ सिविल लाइन, गुरैया रोड, छिंदवाड़ा में ब्रह्मलीन स्वामी भास्करानंद तीर्थ महाराज का प्रकाशोत्सव (जन्मोत्सव) आषाढ़ शुक्ल एकादशी, शनिवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।**

इस अवसर पर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं साधक आश्रम पहुंचे और विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आश्रम स्वामी सदानंद तीर्थ ने



बताया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 4 बजे सामूहिक साधना से हुआ, जो प्रातः 6 बजे तक चली। इसके पश्चात प्रातः 7 से 8 बजे तक श्री गुरु गीता का सामूहिक पाठ किया गया। सुबह 8.30 बजे स्वल्पाहार के बाद प्रातः 9.30 बजे श्री रुद्राभिषेक एवं गुरु पादुका पूजन का भव्य आयोजन किया गया। पूजन उपरांत आरती, भजन एवं संकीर्तन से संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा।

# गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी कोषाध्यक्ष तेजेंद्र मसराम के जन्मदिन पर वृक्षारोपण एवं नशा मुक्ति की शपथ

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 25 जुलाई, शनिवार को गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष महोदय 'तिरु.तेजेंद्र मसराम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी परिवार द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश सरकार के नशा मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के तहत सभी कार्यकर्ताओं ने नशा मुक्ति की शपथ ली।**

कार्यक्रम प्रारंभ में पौधारोपण पश्चात् गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं




कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ लगाना, एक जीवन बचाना है और आने वाली पीढ़ी के लिए हरित धरती छोड़ना हमारा कर्तव्य है। उपस्थित सदस्यों ने नशे के खिलाफ संकल्प लिया। गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी संरक्षक सलाहकार डॉ. कुंवर सिंह ठाकुर जी ने कहा कि आदिवासी समाज की शक्ति उसकी संस्कृति और एकता में है। नशा हमारे युवाओं को कमजोर कर रहा है। हम सब मिलकर नशा मुक्ति की अलख जगाएंगे। इस अवसर पर गोटूल ट्राईबल वेलफेयर सोसाइटी तिरु.डॉ. कुंवर सिंग ठाकुर, तिरु.डॉ. धर्मेन्द्र मरावी, अध्यक्ष तिरु.सिरपत मर्सकोले, गोंड राजा बख्त बुलंद शाह समिति अध्यक्ष, अधीक्षक तिरु. जयपाल सरयाम, तिरु.बलदेव सिंह मरकाम, तिरु.अनिल भारती, तिरु.मिथुन धुर्वे (कोच), तिरु.कमलेश तेकाम, तिरु.सुनिल कुमार पचलिया, तिरु.राकेश धुर्वे, तिरु.तेजेन्द्र मसराम, तिरुमाय - किरण मसराम, तिरु.प्रवीण घागरे, तिरु.आशाराम बाडिवा सहित बड़ी संख्या मे बच्चे उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत पुलिस विभाग ने नशे के दुष्प्रभाव से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 25 जुलाई, जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन में शनिवार 25 जुलाई को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया।**

कायक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जुन्नारदेव सोनम पाटिल एवं अनुष्का फाउंडेशन की फाउंडर श्रीमती विश्वकर्मा मैडम द्वारा स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाली घातक बीमारियां एवं दुष्प्रभाव के संबंध में विस्तृत जानकारियां दी गई। विद्यार्थियों द्वारा इस दौरान नशा मुक्ति हेतु नाटक




कार्यक्रम आयोजित कर नशे से दूर रहने हेतु संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्राचार्य गजेंद्र मालवीय द्वारा पुलिस विभाग सहित नशा मुक्ति हेतु प्रेरित करने वाली पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

अनदेखी — शासन के आदेश की अनदेखी?

# वर्षों से मलाईदार पदों पर जमे अधिकारी-कर्मचारी

**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 25 जुलाई, मध्यप्रदेश शासन की स्थानांतरण नीति-2026 के बावजूद प्रदेश के कई नगरीय निकायों में वर्षों से क्रय, स्टोर एवं स्थापना शाखा जैसे संवेदनशील पदों पर अधिकारी और कर्मचारी जमे हुए हैं। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर अन्य शाखा अथवा अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, लेकिन कई निकायों में इस आदेश का पालन अब तक नहीं हो पाया है।**



सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 22 मई 2026 के अनुसार स्थानांतरण नीति की कंडिका-36 में उल्लेख है कि क्रय, स्टोर एवं स्थापना शाखा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को सामान्यतः तीन वर्ष पूर्ण होने पर अन्य शाखा या अन्य स्थान पर पदस्थ किया जाना अनिवार्य है।

इसके अलावा जिन अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध वित्तीय अनियमितता, शासकीय धन के दुरुपयोग या गबन जैसे मामलों में प्रथम दृष्टया दोष सिद्ध होता है, उन्हें तत्काल ऐसे संवेदनशील पदों से हटाकर अन्य शाखा में स्थानांतरित किया जाए तथा भविष्य में दोबारा ऐसे पदों पर पदस्थ न किया जाए।

इसी संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मध्यप्रदेश के आयुक्त संकेत कुमार ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी कर कहा है कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा तीन वर्ष या उससे अधिक समय से क्रय, स्टोर अथवा स्थापना शाखा का कार्य किया जा रहा है, उनका अन्य शाखा में स्थानांतरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी तत्काल संवेदनशील शाखाओं से हटाया जाए।

अब देखने वाली बात होगी कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बाद नगरीय निकाय इन आदेशों का कितनी गंभीरता से पालन करते हैं और वर्षों से एक ही शाखा में जमे अधिकारियों-कर्मचारियों पर कब कार्रवाई होती है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नए बस स्टैंड में नुक्कड़ नाटक, पुलिस और अनुष्का फाउंडेशन ने मिलकर किया आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**दमुआ, 25 जुलाई, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को दमुआ के नए बस स्टैंड परिसर में प्रभावी नुक्कड़ नाटक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देना रहा।**

कार्यक्रम में जुन्नारदेव एसडीओपी सोनम पाटिल एवं दमुआ थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते




हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और भविष्य को भी प्रभावित करता है। युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर अनुष्का फाउंडेशन की अध्यक्ष जीतिका विश्वकर्मा एवं उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों का सजीव मंचन किया। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय के जरिए यह संदेश दिया कि नशे की लत व्यक्ति को अपराध, आर्थिक संकट और सामाजिक पतन की ओर ले जाती है, जबकि नशामुक्त जीवन ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।